ऑनलाइन प्रवेश आवेदन करने हेतु सामान्य निर्देश

A. फॉर्म भरने से पहले निम्न जानकारी आवश्यक रूप से प्राप्त कर लेवें:

1. ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरने हेतु राजस्थान राज्य अभियर्थियों हेतु जन - आधार एव राज्य के बाहर अभियर्थियों हेतु आधार - कार्ड होना आवश्यक है अगर जन - आधार/आधार - कार्ड नहीं बना है तो उने बनवाने के लिए अप्लाई कर प्राप्त अनरोलमैंट नंबर से ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरा जा सकता है।
2. प्रवेश नीति (hte.rajasthan.gov.in के Admission Home page पर उपलब्ध) का भली भांति अध्ययन कर लें। प्रवेश की पात्रता, रियायतों एवं बोनस सम्बन्धी नियमों का भली भांति अध्ययन कर लें, जिससे आवेदन करने में कठिनाई / गलती न हो।
3. जिस महाविद्यालय / कोर्स के लिये आवेदन करना चाहते हैं उससे संबधित विषय /विषय सांयोजन की महाविद्यालय के `hte.rajasthan.gov.in` पर उपलब्ध एडमिशन वेब पेज से जानकारी प्राप्त करें।
4. फॉर्म भरने से पूर्व आवेदक address bar में "sso.rajasthan.gov.in" भरे और SSO पेज खुलने पर स्वयं को पंजीकृत करें।
5. पंजीकरण की प्रक्रिया व आवेदन फॉर्म भरने के स्टेप वाईज निर्देश एडमिशन पेज पर उपलब्ध हैं, का अध्ययन कर लें। पंजीकरण होने के पश्चात् अभ्यर्थी stepwise निर्देशानुसार आवेदन पत्र भरे।
6. ई मित्र से से भी फॉर्म भरा जा सकता है।

B. शास्त्री पार्ट प्रथम (स्नातक) में ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरने के लिये अभ्यर्थी निम्न सामग्री/ दस्तावेज/ सूचनाएं अपने साथ रखें :

१-स्कैन कर अपलोड करने हेतु

(i.) पासपोर्ट साइज़ रांगीन फोटो जो 6 माह से अधिक पुरानी नहीं हो (100KB से 150KB तक)

(ii.) काले रंग के बॉलपेन से सफ़ेद कागज़ पर किये गए आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर (50 KB से 100 KB तक)

(iii.) अभ्यर्थी को आधार कार्ड अपने साथ लाना है, आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति में स्वयं को आधार कार्ड हेतु पंजीकृत करावे तथा पंजीयन रसीद साथ लावें।

(iv.) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) तथा गैर चिकनी परत (Non-Creamy Layer) अन्य पिछडा वर्ग (OBC) अति पिछडा वर्ग (MBC) का जाति प्रमाण पत्र तथा आर्थिक रूप से पिछडा वर्ग (EWS) के लिये आय व परिसम्पति प्रमाण पत्र (जिन अभ्यर्थियो पर लागु होता है) (250 KB से 500 KB तक)

(v.) गैर चिकनी परत (Non-Creamy Layer) का होने सम्बन्धी OBC / MBC प्रमाण पत्र आवेदन करने की तिथि से एक वर्ष से पूर्व तक की अवधि में जारी हुआ है। एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम की अवधि के Non-Creamy Layer प्रमाण पत्र होने पर Admission Page पर उपलब्ध Schedule- डाउनलोड कर भरा हुआ अपलोड करना है। (250 KB से 500 KB तक)

(vi.) प्रवेश नीति के अनुसार रियायत /बोनस चाहतें है तो तत्संबंधी अधिकृत प्रमाण पत्र (250 KB से 500 KB तक)

२- आवेदन पत्र में भरने के लिये वांछित सूचनाएं / जानकारी

(i.) प्रवेशिका (दसवीं) / वरिष्ठ उपाध्याय (बारहवीं) / अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिकाए

(ii.) मोबाईल नम्बर - अभ्यर्थी फॉर्म मे ऐसा मोबाईल नम्बर दे जिस पर आपको प्रवेश से संबंधित संदेश (SMS) मिल सके। ई-मित्र से फॉर्म भरते समय जांच कर ले कि उसके द्वारा भरा गया मोबाईल नम्बर वही है जो आपने दिया है।

(iii.) माता/ पिता/ संरक्षक का मोबाईल नम्बर व लैंड लाईन नम्बर

(iv.) पिता / परिवार की वार्षिक आय

(v.) शुल्क वापसी हेतु जिस बैंक खाते में शुल्क वापसी चाहते है उसकी बैंक का नाम व शाखा, खातेदार का नाम, खाता संख्या तथा IFSC कोड।

(vi.) अभ्यर्थी फार्म में स्वयं की ई-मेल आईडी , आधार नम्बर, वोटर आई डी, जन आधार कार्ड नम्बर, बीपीएल (यदि हो तो) ही भरें। आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति में स्वयं को आधार कार्ड हेतु पंजीकृत करावे तथा पंजीयन रसीद साथ लावें।